प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 17.11.23

थाना वेव सिटी पुलिस द्वारा 03 शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से अलग-अलग स्थानों से चोरी किये गये 06 मोबाइल फोन बरामद

दिनांक 16.11.2023 को थाना वेव सिटी पर वादी श्री सुन्दर पुत्र श्री हल्लू अहिरवार निवासी ग्राम बंसोली तहसील पथरिया जनपद दमोह म0प्र0 हाल पता सैक्टर 03 झुग्गी वेव सिटी ने तहरीर दी कि उसकी झुग्गी से किसी चोर द्वारा उसके दो मोबाईल फोन रेडमी व वीवो कम्पनी चोरी कर लिये गये है। थाना वेव सिटी पुलिस द्वारा तत्काल अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु टीम का गठन किया गया।

थाना वेव सिटी पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटैज व मैनुअल इन्पुट के माध्यम से उक्त चोरी की घटना का सफल अनावरण कर चेकिंग के दौरान 03 शातिर चोर 1. प्रवीण पुत्र देशराज नि0 ग्राम वयाना थाना वेवसिटी गाजियाबाद उम्र 24 वर्ष, 2- पंकज पुत्र धर्मसिंह नि0 ग्राम वयाना थाना वेवसिटी गाजियाबाद उम्र 23 वर्ष, 3- अर्जुन उर्फ शक्तिमान पुत्र वीरु नि0 ग्राम वयाना थाना वेवसिटी गाजियाबाद उम्र 21 वर्ष को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से विभिन्न स्थानों से चोरी किये गये 06 मोबाइल फोन बरामद हुए। आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:-

1.प्रवीण पुत्र देशराज नि0 ग्राम वयाना थाना वेवसिटी गाजियाबाद उम्र 24 वर्ष
2.पंकज पुत्र धर्मसिंह नि0 ग्राम वयाना थाना वेवसिटी गाजियाबाद उम्र 23 वर्ष
3.अर्जुन उर्फ शक्तिमान पुत्र वीरु नि0 ग्राम वयाना थाना वेवसिटी गाजियाबाद उम्र 21 वर्ष

बरामदगी का विवरण –

अलग अलग स्थानों से चोरी किये गये 06 मोबाइल फोन

गिरफ्तार करने वाली टीम:-

थाना वेव सिटी पुलिस टीम।

थाना लोनी पुलिस द्वारा एनसीआर क्षेत्र में वाहन चोरी करने वाला 01 शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 02 मोटर साइकिल बरामद

दिनांक 16.11.2023 को थाना लोनी पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर चौकी क्षेत्र रूपनगर से एनसीआर क्षेत्र में वाहन चोरी करने वाला 01 शातिर चोर मो0 जीशान उर्फ टीटू पुत्र मो0 रोशनदीन निवासी बागराणप, गुर्जर चौक सरकारी स्कूल के पास थाना लोनी जनपद गाजियाबाद को गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे/निशानदेही

पर फर्जी नम्बर प्लेट लगी चोरी की दो मोटर साइकिल बरामद हुई। अभियुक्त के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि एक मोटर साइकिल को दो साल पहले प्रेम नगर दिल्ली से चोरी किया था तथा दूसरी मोटर साइकिल को कुछ दिन पहले दिल्ली से ही चोरी किया था। पुलिस से बचने के लिये फर्जी नम्बर प्लेट लगा रखी थी।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त-

मो0 जीशान उर्फ टीटू पुत्र मो. रोशनदीन निवासी बागराणप, गुर्जर चौक सरकारी स्कूल के पास थाना लोनी जनपद गाजियाबाद

बरामदगी का विवरण:-

चोरी की दो मोटर साइकिल,

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

पुलिस टीम थाना लोनी

थाना अंकुर विहार पुलिस द्वारा ऑटो में बैठा कर लूट करने वाले 02 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से लूटा गया बैग, 1020 रुपये व घटना मे प्रयुक्त ऑटो बरामद

दिनांक 16.11.23 को थाना अंकुर विहार पर वादी द्वारा सूचना दी गयी कि खजूरी चौक दिल्ली से अपने घर विजय विहार जाने के लिये ऑटो में बैठा तो ऑटो सवार 02 व्यक्ति मेरा बैग छीनकर ले गये है जिसमें मेरे कपड़े, फोन का चार्जर व 3000 रुपये थे। थाना अंकुर विहार पुलिस द्वारा तत्काल अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया।

आज दिनांक 17.11.2023 को थाना अंकुर विहार पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखिबर की सूचना पर घटना कारित करने वाले 02 शातिर अभियुक्त 1.सलीम पुत्र नाजर नि0 कुएं वाली माता मंदिर चमन विहार थाना अंकुर विहार जनपद गाजियाबाद 2. राहुल पुत्र पीतम नि0 मूल ग्राम मोहशीरा थाना पिसावा जनपद अलीगढ हाल पता जी-5 गली नं0-14 सोनिया विहार थाना सोनिया विहार दिल्ली-94 को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से लूटा गया बैग सामान सहित व 1020 रुपये तथा घटना मे प्रयुक्त ऑटो बरामद हुआ। आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने बताया कि हमने कल एक व्यक्ति को दिल्ली से पुस्ता के लिये बैठाया था, उसके पास जो बैग था उसे हम दोनो ने छीन लिया था तथा उसे रास्ते में ही छोड कर मौके से ऑटो लेकर भाग गये थे। बैग में जो पैसे थे उसमें से हमने कुछ खर्च कर लिये है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम पता –

1.सलीम पुत्र नाजर नि0 कुए वाली माता मंदिर चमन विहार थाना अंकुर विहार जनपद गाजियाबाद उम्र करीब 27 वर्ष,
2.राहुल पुत्र पीतम नि0 मूल ग्राम मोहशीरा थाना पिसावा जनपद अलीगढ हाल पता जी-5 गली नं0-14 सोनिया विहार थाना सोनिया विहार दिल्ली-94 उम्र करीब 21 वर्ष,

बरामदगी का विवरण

1. लूटा गया बैग जिसमें एक चार्जर सैमसंग, कपडे व 1020 रुपये,
2. घटना में प्रयुक्त ऑटो,

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-

थाना अंकुर विहार पुलिस टीम।

ग्रामीण जोन पुलिस द्वारा कुख्यात भूमाफिया/हिस्ट्रीशीटर अपराधी महबूब अली की नांगलोई दिल्ली में स्थित अवैध रुप अर्जित की गयी लगभग 06 करोड़ रुपये की अचल सम्पत्ति धारा 14(1) गैंगस्टर अधिनियम के अन्तर्गत कुर्क की गयी

ग्रामीण जोन पुलिस द्वारा भूमाफिया महबूब अली पुत्र नूर मौहम्मद निवासी ग्राम पावी थाना ट्रॉनिका सिटी गाजियाबाद जो एक खूंखार तथा भूमाफिया अपराधी है जिसके खिलाफ दो दर्जन से अधिक मुकदमें विभिन्न जनपदों में पंजीकृत है, इसकी अवैध रुप से अर्जित की गयी विभिन जनपदों में स्थित अवैध सम्पत्तियों की सीजर की कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 17.11.23 को ग्रामीण जोन पुलिस द्वारा भूमाफिया महबूब अली की अवैध रुप से अर्जित की गयी नांगलोई दिल्ली में स्थित अचल सम्पत्ति कीमत लगभग 06 करोड़ रुपयें धारा 14(1) गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत कुर्क की गयी है। अभियुक्त महबूब अली की अवैध रुप से अर्जित **लगभग 167 करोड़ रुपये के अवैध सम्पत्तियों** को धारा 14(1) गैंगस्टर अधिनियम में कुर्क कर कुर्की की कार्यवाही पूर्ण की गयी।

कुर्क की गयी सम्पत्ति का विवरण-

कविता कालोनी स्थित अचल सम्पत्ति म0न0-60ए आवासीय कोठी 250 वर्ग गज कीमत लगभग 06 करोड़ रुपये,

कार्यवाही करने वाली टीम-

ग्रामीण जोन पुलिस टीम कमिश्नरेट गाजियाबाद।

पुलिस कमिश्नरेट गाज़ियाबाद पुलिस टीम द्वारा चार शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किये गये 03 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप व अन्य सामान बरामद।

घटना का विवरण:-कमिश्नरेट गाज़ियाबाद में रात्रि के समय दुकानों के शटर तोड़कर नगदी व अन्य सामान चोरी होने के सम्बन्ध में विभिन्न थाना क्षेत्रों में कई घटना अज्ञात चोरों द्वारा कारित की गयी। जिनके खुलासे/अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमें गठित की गयी। सभी टीमों द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस व मैनुअल इन्टेलिजेन्स, मुखबिर एवं अन्य तकनीकी माध्यमों से आज दिनांक 17.11.23 को 04 शातिर चोरों को इनके द्वारा चोरी किये गये माल सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण:-

गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि हम लोग रात्रि में बन्द दुकानों के शटर तोड़कर नगदी व दुकान का सामान चुराकर ले जाते हैं, तथा नगदी व चोरी किये गये समान को बेचकर प्राप्त पैसो को हम आपस मे बांट लेते है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता

1.रिन्कू पुत्र अमर सिंह निवासी राहुल विहार बहरामपुर थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक जनपद गाज़ियाबाद।

2.पिकू पुत्र अशोक निवासी राहुल विहार बहरामपुर थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक जनपद गाज़ियाबाद।

3.सचिन पुत्र पप्पू निवासी राहुल विहार बहरामपुर थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक जनपद गाज़ियाबाद

4. अभिषेक पुत्र दयाराम निवासी राहुल विहार बहरामपुर थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक जनपद गाज़ियाबाद।

बरामदगी का विवरण :-

चोरी किये गये तीन मोबाइल फोन, एक लैपटॉप व चार्जर, एक होम थियेटर व एक जैकेट

आपराधिक इतिहास

1. अभियुक्त रिन्कू के विरुद्ध जनपद गाजियाबाद में चोरी का 01 अभियोग, दिल्ली में 01 अभियोग आर्म्स एक्ट का पंजीकृत है

2. अभियुक्त पिन्कू के विरुद्ध जनपद शाहजांपुर में 01 अभियोग पंजिकृत है।

3. अभियुक्त सचिनके विरुद्ध जनपद गाजियाबाद में आर्म्स एक्ट के 02 अभियो, आबकारी अधि0 का 01 अभियोग, जनपद में 01 अभियोग आर्म्स एक्ट व जनपद मुरादाबाद में 01 अभियोग आबकारी अधि0 का पंजीकृत है।

गिरफ्तार करने वाली टीम

स्वाट टीम सिटी व थाना सिहानीगेट पुलिस टीम

थाना भोजपुर पुलिस द्वारा चोरी की योजना बनाते हुए 04 शातिर चोर गिरफ्तार।

दिनाकं 17.11.2023 को थाना भोजपुर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर चोरी की योजना बनाते हुए 04 शातिर चोर 1. रिहान खान उर्फ लकी पुत्र शब्बीर 2.शाहरुख खान पुत्र नौशाद 3. इरकान खान पुत्र अफसर व 4. जुनैद पुत्र नौशाद को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से 02 चाकू व चोरी की घटनाओं में प्रयोग में लाई जाने वाली पिकअप गाड़ी बरामद। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध थाना भोजपुर पर सुसंगत धाराओ मे अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया की हम लोग चोरी करके अपने खर्चे पूरे करते है। आज भी हम लोग तलहैटा रेलवे अन्डर पास पर रखे रेलवे के लोहे के प्लेटो को चोरी करके अपनी पिकअप पर लादकर ले जाने की योजना बना रहे थे।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता-

1.रिहान खान उर्फ लकी पुत्र शब्बीर निवासी ग्राम भगोहर थाना वजीर गंज जनपद गोण्डा, हाल पता ग्राम कलछीना थाना भोजपुर गाजियाबाद उम्र 21 वर्ष
2.शाहरुख खान पुत्र नौशाद निवासी ग्राम कलछीना थाना भोजपुर गाजियावाद उम्र 23 बर्ष
3. इरकान खान पुत्र अफसर निवासी कलछीना थाना भोजपुर गाजियाबाद उम्र करीब 24 वर्ष
4. जुनैद पुत्र नौशाद निवासी कलछीना थाना भोजपुर गाजियाबाद उम्र करीब 24 वर्ष

बरामदगी का विवरण

02 चाकू व चोरी की घटना में उपयोग में लायी जाने वाली एक पिकअप गाड़ी,

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

थाना भोजपुर पुलिस टीम।